>

Title: Need to provide an economic package for development of civic facilities in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में जो छोटे छोटे शहर हैं वहां पर शहरी विकास की योजनायें लागू नहीं की जा रही हैं जिसके कारण कई शहरों में गंदगी का माहौल है और सीवरों के आव में गंदगी काफी फैली हुई है। शहरों में जो गरीब आबादी है उनके लिए आवास की बहुत कमी है। गर्मियों के दिनों में इन शहरों में लोगों को पेयजल नहीं मिल पाता है और महिलाओं को कई किलोमीटर से पीने का पानी लाना पड़ता है। शहरों की सड़कों का बहुत ही बुरा हाल है। यहां पर जो नगर निगम कार्यरत है उनकी वित्तीय स्थिति बहुत ही खराब है। इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में नगर निगमों को शहरी सुविधाएं दिलाये जाने हेतु केन्द्र स्तर पर एक वित्तीय सहायता पैकेज उपलब्ध किये जाने की आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस विषय पर गहनता से विचार किया जाये।